Headline: Announcement of scholarships exceeding 2 crore for MBA admissions.

Print Coverage:

Date	Publication	Edition
13.06.2024	Dainik Bhasker	Jaipur

एमबीए एडमिशन के लिए ₹2 करोड़ से अधिक की स्कॉलरशिप की घोषणा

सिटी रिपोर्टर| आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने पी.डी. अग्रवाल स्कॉलरशिप की घोषणा की। इसके तहत एमबीए एडमिशन के लिए 2 करोड़ से ज्यादा की स्कॉलरशिप दी जाएगी। 200 स्टूडेंट्स के लिए 1.2 करोड़ की मैरिट स्कॉलरशिप है।

दिव्यांग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के 16 स्टूडेंट्स के लिए 89 लाख की पूरी ट्यूशन फीस माफ होगी। इंटरनेशनल स्टूडेंट्स को प्रोग्राम फीस पर 40% छूट दी जाएगी। यूनिवर्सिटी जयपुर के प्रेसिडेंट डॉ. पी. आर. सोडानी ने कहा, इस अकादमिक सेशन में होने वाले एडमिशन के लिए 2 प्रकार के स्कॉलरशिप की घोषणा की है।

इसमें एमबीए (हॉस्पिटल और हेल्थ मैनेजमेंट), एमबीए (फार्मास्युटिकल मैनेजमेंट), एमबीए (हेल्थकेयर एनालिटिक्स) और एमबीए (डेवलपमेंट मैनेजमेंट) के लिए मेरिट छात्रवृत्ति और पूर्ण ट्यूशन शुल्क माफी छात्रवृत्ति है।